hindustantimes | jharkhand | 03

HINDUSTAN TIMES, RANCHI
WEDNESDAY, FEBRUARY 26, 2014

# Ramakrishna Mission felicitates ICFAI varsity

**RANCHI:** Ramakrishna Mission, Ranchi, on Tuesday felicitated ICFAI University, Jharkhand, for its endeavour in introducing values and ethics in its curriculum of various programmes.

In a function, Swami Shashankananda Ji, secretary, Ramakrishna Mission, Ranchi, lauded the ICFAI's efforts.

Speaking on the occasion, Dr BM Singh, registrar, ICFAI University, Jharkhand, talked about various programmes of the university in the field of management & technology and also the emphasis that the university lays in imparting knowledge about values & ethics in life. **HTC**

the pioneer
RANCHI | WEDNESDAY | FEBRUARY 26, 2014
capital 03

## RAM KRISHNA MISSION FELICITATES ICFAI UNIVERSITY

The ICFAI University Jharkhand was felicitated by Ram Krishna Mission for its endeavor in introducing Values and Ethics in its curriculum of various programs. On the occasion Swami Shashankananda Ji, Secretary, Ram Krishna Mission, Ranchi appreciated and lauded the efforts of ICFAI University Jharkhand in this respect which is a right direction in grooming professionals in his opinion.

बुधवार, 26 फरवरी 2014

हिन्दुस्तान 21

रांची LIVE सिटी

# 'विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता आज भी है'

रांची | संवाददाता

रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी शशांकानंद जी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता आज भी है और कल भी रहेगा। स्वामी जी की शिक्षा किसी विशेष जाति, धर्म या वर्ग के लिए नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए है। उठो जागो और तब तक न रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाय। स्वामी जी का यह आदर्श वाक्य आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

स्वामी वेदांतानंद जी ने कहा कि जीवन की कठिनाइयों से लोहा लेने के लिए चारित्रिक गुणों का होना बेहद जरूरी है। चरित्रवान व्यक्ति ही समाज में बदलाव ला सकते हैं। बेलूर मठ के स्वामी बलभद्रानंद जी ने कहा कि चरित्र निर्माण करने वाली शिक्षा की आज जरूरत है। ताकि हमारे अंदर मनुष्यता का विकास हो सके। लोगों में चारित्रिक गुणों के विकास के लिए आश्रम ने कई कार्यक्रम चलाएं हैं। उन्हें आध्यात्मिक जागृति से जोड़ा गया।

सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए गए। स्वामी विवेकानंद के 150वें जन्मोत्सव के मौके पर वर्ष 2010 से लेकर 2014 तक मिशन की ओर से चलाए गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के बीच पोषाहार का वितरण किया गया। दो आदर्श ग्राम विकसित किए गए। कृषि तथा योग आदि में पारंगत करने के लिए अभियान चलाए गए। इस मौके पर स्वामी स्मरणानंद, बालमुकुंद महाराज आदि मौजूद थे।

# आरके मिशन का इक्फाई को सम्मान

रांची। रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से एक समारोह के दौरान मंगलवार को मूल्य एवं नैतिकता विषय को अपने सभी पाठ्यक्रमों में शामिल करने पर सम्मानित किया गया।

इक्फाई विवि के अमर गुप्ता ने बताया कि आरके मिशन आश्रम के सचिव स्वामी शशंकानंद जी ने न सिर्फ विवि के कार्यों की सरहाना की, बल्कि कहा कि पेशेवरों को गढ़ने में मूल्यों और नैतिकता का महत्वपूर्ण रोल होता है। और इस काम को संस्थान को बेहतर तरीके से निभा रहा है। इस मौके पर इक्फाई विवि के रजिस्ट्रार डॉ बीएम सिंह ने कहा कि मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मूल्यों और नैतिकता की जरूरत होती है। इन्हीं सब कारणों से संस्थान के सभी पाठ्यक्रमों में (बीटेक, बीबीए, बीसी, एमबीए और पीएचडी) में इसे समाहित किया गया है।

# खबर मन्त्र

रांची. बुधवार, 26 फरवरी. 2014

web www.khabarmantra.com




### विवेकानंद की 150वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के समापन सम्मेलन का उद्घाटन

# विवेकानंद के आदर्श अपनायें युवाः सुहितानंद स्वामी

**खबर मन्त्र रिपोर्टर**

**रांची।** स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती पर विभिन्न परियोजनाओं और कार्यक्रमों का समापन समारोह मंगलवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी में हुआ। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम नौ मार्च तक चलेंगे। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि बेलुर मठ के महासचिव स्वामी सुहितानंद जी महराज एवं विशिष्ट अतिथि विकास भारती के अशोक भगत, इक्फाई विवि के रजिस्ट्रार बीएन सिंह, आइएएस आरएस शर्मा ने शिरकत की।

विषय प्रवेश सचिव आरके मिशन, मोरहाबादी स्वामी शशांकानंद जी ने कराया। स्वागत गीत रंजन पात्रा ने प्रस्तुत किया। बेलुर मठ के स्वामी सुहितानंद जी महराज ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर युवाओं को चलने का आह्वान किया। विवेकानंद विचारों को प्रसारित करने के लिए 18 लोगों को पुरस्कार दिया गया। शाम चार बजे विवेकानंद बालक संघ द्वारा रैली निकाली गयी। राष्ट्र निर्माण में सरकारी पदाधिकारियों की भूमिका पर जिला स्तरीय सम्मेलन हुआ। आइपीएस अधिकरी एनएन पांडेय ने भी विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ ओपी शर्मा ने दिया।




स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रचार-प्रसार करने वालों को सम्मानित करते आरके मिशन के स्वामी।

### इन्हें मिले पुरस्कार

हरिनारायण सिंह, प्रधान संपादक खबर मन्त्र, अशोक भगत, विकास भारती, हरिवंश प्रधान संपादक,प्रभात खबर, प्रधान संपादक दैनिक जागरण, विगाध्यक्ष राजनीतिविज्ञान, विभावि, ओआरएस राव कुलपति इक्फाई विवि, प्रचार्य डीपीएस स्कूल, रांची, सचिव नेहरू युवा केंद्र, संपादक रांची एक्सप्रेस, संपादक दैनिक भाष्कर, सीइओ रांची नगर निगम, संपादक, दौनिक हिन्दुस्तान, संपादक, द टेलीग्राफ, संपादक, द पायोनियर,आएसएम पुनदाग, संपादक द टाइम्स ऑफ इंडिया, संपादक मॉनिंग इंडिया सम्मानित किये गये।

प्रभात खबर \ सोसाइटी

रांची, बुधवार, 26 फरवरी, 2014
www.prabhatkhabar.com



# स्वामी विवेकानंद का संदेश शक्ति देता है : स्वामी वेदातीतानंद

- स्वामी विवेकानंद के 150वें जन्मोत्सव कार्यक्रमों का समापन
- अशोक भगत समेत कई लोग सम्मानित किये गये

**वरीय संवाददाता, रांची**




रामकृष्ण आश्रम में जन्मोत्सव पर आयोजित समारोह में उपस्थित अतिथि

स्वामी विवेकानंद के 150वें जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित समारोह का समापन मंगलवार को हो गया. इस मौके पर रामकृष्ण मठ एवं बेल्लुर मठ से आये स्वामी वेदातीतानंद मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे. स्वामी वेदातीतानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हम सबों को बहुत कुछ दिया है. हमें बौद्धिक शक्ति व आंतरिक शक्ति दी है. जिसके बल पर हम समस्याओं का समाधान कर सकें. स्वामी बलभद्रानंद ने कहा कि स्वामी के संदेश समाज के व्याप्त दुःखों का समाधान बताता है. उन्होंने कहा कि अच्छे कर्म से ही मनुष्य महान बनता है. मौके पर श्री रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी शशांकानंद ने आश्रम द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि गांवों में महिलाओं व बच्चों के लिए पोषाहार का वितरण किया गया. साथ ही उन्हें कृषि व योग आदि की भी शिक्षा प्रदान की गयी. समारोह के दौरान विकास भारती के सचिव अशोक भगत, इक्फाई विवि के रजिस्ट्रार बीएम सिंह, निर्मला कॉलेज, रांची नगर निगम व विनोबाभावे विवि के अलावा समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया. इस दौरान बुढ़मू प्रखंड के राधाकांत गिरि, रातू प्रखंड के रामधन गोप, तमाड़ प्रखंड के भूषण सिंह मुंडा व सिल्ली प्रखंड के गंदुरा उरांव को पुरस्कार स्वरूप पंपसेट प्रदान किया गया. इस दौरान काफी संख्या में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी. समारोह को स्वामी शक्तिसारानंद, स्वामी जयत्रानंद ने भी संबोधित किया. इस मौके पर रामकृष्ण मिशन विवि परिसर में प्रदर्शनी भी लगायी गयी. जिसमें विकास के हर पहलुओं के बारे में बताया गया. कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य लोग व बच्चे उपस्थित थे.



सिल्ली प्रखंड के गंदुरा उरांव को पुरस्कार स्वरूप पंपसेट प्रदान किया गया.